प्रेस विज्ञप्ति 11.03.2024

श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में प्रभार ग्रहण किया

चेन्नै, 11 मार्च, 2024 - श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने 10 मार्च, 2024 को इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में प्रभार ग्रहण कर लिया है।

उन्हें 28 वर्षों से अधिक का समृद्ध बैंकिंग अनुभव प्राप्त है जिसमें उनके द्वारा ओवरसीज़ में डरबन (दक्षिण अफ्रीका) में कार्य करने का अनुभव भी शामिल है। इस पदोन्नति से पूर्व वे बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के पद पर कार्य कर रहे थे। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा के यूपी ग्रामीण बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं।

अपने करियर के दौरान श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने ऋण अधिकारी, शाखा प्रमुख, लोन फैक्ट्री प्रमुख, क्षेत्रीय प्रमुख, अंचल प्रमुख जैसे कई नीतिगत पदों पर कार्य किया। वे राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक भी रहे हैं। वे बैंक ऑफ बड़ौदा के कॉर्पोरेट कार्यालय में खुदरा आस्तियां और मानव संसाधन विभाग के प्रमुख रहे हैं।

श्री ब्रजेश कुमार सिंह कृषि में स्नातक, फाइनेंस में एमबीए एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट हैं। उन्होंने आईआईएम बैंगलोर के एक्ज़ीक्यूटिव लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम में भी सहभागिता की है।